स्वास्थ्य बीमा क्लेम अब मिलेगा जल्द पेज13 | पाकिस्तान में नवाज की पार्टी लोक

हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

मंगलवार, 29 जनवरी 2013, हल्द्वानी, पांच प्रदेश, 18 संस्करण, कुमाऊं संस्करण

www.livehindustan.com

हलचल

सोलर लालटेन व वाटर हीटर की रिपेयरिंग सीखी

हल्द्वानी। बच्चों के वर्तमान और उज्जवल भविष्य निर्माण को लेकर स्केल संस्था कटिबद्ध है। संस्था के तत्वावधान में सोमवार को राजपुरा स्थित विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल में त्रिदिवसीय विनोद ऊर्जा ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के बच्चों को डा. गौन चौधरी द्वारा सोलर लालटेन ट्रेनिंग व सोलर वाटर हीटर ट्रेनिंग प्रोग्राम में असेम्बली व रिपेयरिंग का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान स्कूल के बच्चों ने भी सीखने में भरपूर दिलचस्पी दिखाई। वहीं संस्था के महासचिव अरुण सिन्हा ने भी देश के उज्जवल भविष्य के निर्माण में सौर ऊर्जा का महत्वपूर्ण योगदान बताया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य डीएस रावत, गौतम भटनागर व स्कूल के समस्त शिक्षकगण मौजूद रहे।